प्रेस नोट जनपद फतेहपुर
दिनांक 09.09.2025

पुलिस मुठभेड़

थाना ललौली व थाना हुसैनगंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा याकूबपुर नहर पुलिया के निकट पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर वांछित अभियुक्त घायल/गिरफ्तार, कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस व 900/- रुपये बरामद ।

संक्षिप्त विवरण- पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री अनूप कुमार सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर व क्षेत्राधिकारी जाफरगंज के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों, माफियाओं तथा वांछित व पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना ललौली व हुसैनगंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा बीती रात्रि थाना ललौली क्षेत्रांतर्गत जोनिहां से बंधुवा ललौली रोड पर चेकिंग की जा रही थी । याकूबपुर नहर पुलिया के निकट संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति याकूबपुर नहर पुलिया की तरफ भागने लगा तथा स्वयं को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से लक्ष्य कर फायर करने लगा कि आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी फायरिंग में व्यक्ति के बायें पैर में गोली लगने से घायल हो गया । जिसकी पहचान वांछित अभियुक्त मोहम्मद शोएब पुत्र नफीस अहमद निवासी ग्राम तपनी थाना ललौली जनपद फतेहपुर उम्र करीब 21 वर्ष के रूप में हुई। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर , एक अदद जिंदा कारतूस व दो अदद खोखा कारतूस 315 बोर व 900/- रु बरामद हुए । अभियुक्त मोहम्मद शोएब को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। अभियुक्त मोहम्मद शोएब उपरोक्त स्थानीय थाना ललौली के अभियोग अ0सं0-264/2025 धारा 74/64(1)/352/351(2) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट 3(2)(5)/3(2)(5)क एससी/एसटी एक्ट व 3/5(3) विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधि0 में वांछित अभियुक्त है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है।

घायल/गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पताः--

1. मोहम्मद शोएब पुत्र नफीस अहमद निवासी ग्राम तपनी थाना ललौली जनपद फतेहपुर उम्र करीब 21 वर्ष

बरामदगी का विवरणः-

1. एक अदद तमंचा 315 बोर
2. एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर
4. दो अदद खोखा कारतूस 315 बोर
5. 900 रुपये।

गिरफ्तारी करने वाली टीम--

1. प्र0नि0 श्री शमशेर बहादुर सिंह थाना ललौली जनपद फतेहपुर
2. उ0नि0 शशिभान सिंह
3. उ0नि0 मो0 सलीम खान
4. उ0नि0 एरिश पटेल
5. उ0नि0 आकाश मिश्रा
6. का0 कौशल
7. का0 वीरेन्द्र कुमार पाल
8. का0 अशोक पटेल
9. का0 दीपक कुमार
10. का0 कृष्ण कुमार मौर्या
11. प्र0नि0 श्री अरुण कुमार चतुर्वेदी थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर
12. हे0का0 राकेश गिरी
13. का0 दिनेश कुमार
14. का0 मनोज कुमार

सोशल मीडिया सेल
जनपद फतेहपुर